शिविर | रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शुरू हुआ फैशन डिजाइनिंग शिविर

# महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान द्वारा महिलाओं एवं युवतियों के लिए सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक फैशन डिजाइनिंग, सिलाई, कटिंग और प्रिंटिंग की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित संस्थान में शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की कक्षाएं 6 मई 2026 से संचालित की जा रही हैं। संस्थान के



अनुसार यह शिविर पूरी तरह प्रैक्टिकल आधारित है जिससे चलते महिलाएं और युवतियां घर बैठे भी रोजगार शुरू कर सकती है। सीमित सीटों वाले इस शिविर में प्रतिदिन ऑफलाइन कक्षाएं संचालित होंगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में महिलाएं ले रहीं भाग

शिविर में बड़ी संख्या में छात्रा एवं महिलाएं सिलाई मशीनों पर प्रशिक्षण लेती नजर आईं अथवा पुरुषों में भी कुछ लोग देखे गए जो रुचि से इस प्रशिक्षण में भाग लेते नजर आए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कटिंग, सिलाई, डिजाइनिंग और फैब्रिक वर्क की बारीकियां सिखाई जाएगी।

### इनका कहना है



इस प्रशिक्षण शिविर में हमें सिलाई के साथ-साथ फैशन डिजाइनिंग और नए पैटर्न बनाना भी सिखाया जा रहा है। यहां प्रैक्टिकल तरीके से सीखने का अच्छा मौका मिल रहा है।

**प्राची विश्वकर्मा**
**प्रतिभागी**



यह शिविर आत्म निर्भर बनाने की अच्छी पहल है। टीचर्स काफी सपोर्टिव हैं। शिविर का माहौल मुझे बहुत अच्छा लगा।

**दृष्टि कौशल जैन**
**प्रतिभागी**

# उत्कृष्ट राजस्व वसूली, विद्युत चोरी रोकथाम में जबलपुर शहर वृत्त ने रचा नया कीर्तिमान

▶ कलेक्टर ने उल्लेखनीय कार्य पर अधीक्षण अभियंता को प्रदान किया प्रशंसा पत्र

**नवभारत, जबलपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के शहर वृत्त जबलपुर ने राजस्व वसूली एवं बकाया राशि प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे मध्यप्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जब राज्य स्तर पर केवल सीमित सर्कलों में ही बकाया राशि में कमी दर्ज की गई, वहीं जबलपुर शहर वृत्त ने 14.82 प्रतिशत की ऐतिहासिक कमी दर्ज कर पूर्व क्षेत्र कंपनी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर गुरूवार को अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा को प्रशंसा पत्र प्रदान किया, जिसमें उनके नेतृत्व की विशेष सराहना की गई है। प्रशंसा पत्र में उल्लेख किया गया है कि जबलपुर शहर द्वारा



सर्वाधिक राजस्व वसूली प्रभावी रणनीति, सतत मॉनिटरिंग और फील्ड स्तर पर सशक्त क्रियान्वयन का परिणाम है।

### बिजली चोरी के लिए चलाया विशेष अभियान

विद्युत चोरी रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियानों के तहत दिन एवं रात में लगातार सघन कार्रवाई की गई। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध विद्युत उपयोग के मामलों को चिन्हित कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की है। साथ ही विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अंतर्गत सख्त प्रवर्तन कर निवारक वातावरण स्थापित किया गया है।समाधान योजना के सफल क्रियान्वयन और बकाया वसूली में उल्लेखनीय प्रगति को विभाग की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## एक नजर में



### संगठनों और व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन के निर्णय का जबलपुर सहित पूरे प्रदेश के व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारियों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन व्यापारियों के हितों की रक्षा, व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान, योजनाओं के निर्माण तथा शासन और व्यापारियों के बीच सीधे संवाद का प्रभावी मंच सिद्ध होगा। वर्षों से व्यापारी वर्ग इस प्रकार के बोर्ड की मांग कर रहा था, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूरा कर व्यापारियों को बड़ी सौगात दी है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अल्प प्रवास के दौरान गुरूवार को डुमना में जबलपुर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर उनका स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, कैट से संदेश जैन, रोहित खटवानी, दीपक सेठी, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स से प्रभात जैन, सर्राफा एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष नवीन सराफ, मच्छरहाई व्यापारी संघ से मंजेश जैन, मेन रोड व्यापारी संघ से प्रवीण जैन, बेंगल एसोसिएशन से अभिषेक जैन, मुकदमगंज व्यापारी संघ से भीमलाल गुप्ता, नरघैया व्यापारी संघ से अनुज जैन, मानस भवन/नॉर्मल स्कूल व्यापारी संघ से मोनू साहू, फुटकर कपड़ा विक्रेता संघ से गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### समर कैंप में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं

**नवभारत, जबलपुर।** हितकारिणी सभा विद्या परिषद् द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । इस दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा है , विभिन्न खेलो में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । गुरूवार को समर कैंप में छात्र-छात्राओं को रग्बी एवं कबड्डी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही साथ अन्य खेल भी सुचारू रूप से चल रहे हैं। रग्बी के प्रशिक्षक अजय नामदेव ने बताया कि जबलपुर में यह नया खेल है और छात्र बड़े उत्साह पूर्वक इस खेल में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं कबड्डी के प्रशिक्षक शानू यादव ने बताया की प्रतिवर्ष हितकारिणी सभा के समर कैंप से कुछ बच्चे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर उभर रहे हैं। समर कैंप के आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए हितकारिणी फार्मेसी कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में भी मेडिटेशन तथा जुंबा का प्रशिक्षण दिया गया ,जिसमें छात्रों में इस्को लेकर उत्साह एवं रुचि दिखाई दी ध्यान की विशेषज्ञ संगीता मैडम ने बताया कि ध्यान के द्वारा विद्यार्थियों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने में आया है ,उनके द्वारा कई विद्यालयों एवं महाविद्यालय में छात्रों को ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें अच्छे रिजल्ट देखने को मिले, इसलिए हर विद्यालय को अपने विद्यालय की गतिविधियों मे ध्यान को सम्मिलित कर, 15 मिनट का ध्यान कराया जाना चाहिए। कार्यक्रम में विद्या परिषद के सदस्य यतेंद्र सिंघाई ,विद्या परिषद के मंत्री माननीय जयेश सिंह राठौर, फार्मेसी की प्राचार्य कविता एवं इंजीनियरिंग की प्राचार्य रिंकू कथूरिया एवं महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। समर कैंप को सफल बनाने में खेल अधिकारी दिनेश सिंह, शेखर खंपरिया, राजेंद्र तिवारी ,हरीश विश्वकर्मा तथा संयोजक राजीव श्रीवास्तव एवं अन्य स्टाफ लगातार सहयोग कर रहे हैं।

### आज होगा मेंटल वेलनेस सेमिनार का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर। रोटरी** क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के तत्वावधान में एवं शहर के समस्त रोटरी क्लबों के सहयोग से 8 मई को एक विशेष मेंटल वेलनेस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के गवर्नर रोटे.अमित जायसवाल के गरिमामय नेतृत्व में आयोजित होगा। सेमिनार का आयोजन स्थानीय ज्ञान गंगा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स (एमबीए सेमिनार हॉल) में किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्य भारत की प्रख्यात साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। इस अवसर पर ज्ञान गंगा ग्रुप के डायरेक्टर्स अपूर्व सिंघई, राजनीत जैन एवं पंकज गोयल की विशेष उपस्थिति रहेगी। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के पूर्व अध्यक्षगण एवं शहर के गणमान्य रोटेरियन भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की जानकारी रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन एवं ज्ञान गंगा ग्रुप के निदेशक अपूर्व सिंघई द्वारा संयुक्त रूप से मीडिया के साथ साझा की गई।



# राष्ट्रीय संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान से किसानों को किया जागरूक



▶ विभिन्न गांवों में प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर द्वारा राष्ट्रीय संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले के विभिन्न गांवों में व्यापक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के अंतर्गत खजुरी सिदुसरी घुटना, न्योहारी, पड़ेरिसा, भरतरी, मजगवा, गुलंदा, गोसलपुर, हवा, बरौदा, खरगोंद सहित अनेक गांवों में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग ले रहे हैं तथा वैज्ञानिकों के साथ संवाद कर कृषि संबंधी समस्याओं पर चर्चा की जा रही है। प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ पीके सिंह ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित यह अभियान किसानों के बीच वैज्ञानिक कृषि तकनीकों के प्रसार तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

### पोषक तत्व प्रबंधन की अवधारणा से कराया अवगत

कार्यक्रमों में किसानों को समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की अवधारणा से अवगत कराया गया, जिसमें रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ जैतिक खादों एवं जैव उर्वरकों के समन्धित प्रयोग पर बल दिया गया। किसानों को गोबर की खाद , कम्पोस्ट वर्मी कम्पोस्ट तथा राइजोबियम, एजोटीवेक्टर एवं फास्फेट घुलनशील जीवाणु जैसे जैव उर्वरकों के उपयोग के लाभ बताए गए। वहीं वैज्ञानिकों ने समझाया कि इन संसाधनों के समुचित उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, सूक्ष्मजीव गतिविधि एवं जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम की जा सकती है। इसके अतिरिक्त बहमनीदा, जैतना, बहमनोदी, गांधीग्राम एवं बुढ़ागर गांधी ने जिव उर्वरकों के उपा मूंग को हरित खाद फसल के रूप में अपनाने हेतु लगभग 50 प्रक्षेत्र प्रदर्शन लगाए गए।



# स्वच्छता के शिखर पर ले जाने महापौर ने संभाली कमान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के शीर्ष शहरों में शामिल कराने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने मोर्चा संभाल लिया है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और नंबर-1 बनाने के संकल्प के साथ महापौर अब खुद मैदान में उतरकर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। गुरूवार को शहर के नागरिकों से महापौर ने जनसंपर्क किया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनसे सकारात्मक फीडबैक देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने खुद खड़े होकर सैंकड़ों लोगों से स्वच्छता सर्वेक्षण का फीडबैक प्राप्त किया।

### जन-भागीदारी से बदलेगी शहर की तस्वीर

महापौर अन्नू का मानना है कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।इसी उद्देश्य से वे लगातार वार्डों का भ्रमण कर रहे हैं। महापौर ने आज शासकीय निवास परिसर में दुकानदारों, राहगीरों और रहवासियों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने डिजिटल और फिजिकल माध्यमों से नागरिकों को बताया कि उनका एक सकारात्मक फीडबैक जबलपुर की रैंकिंग सुधारने में कितना महत्वपूर्ण है। नागरिकों ने उत्साहपूर्वक महापौर के इस अभियान में हिस्सा लिया और शहर को कचरा मुक्त रखने का संकल्प दोहराया।

# माता मरियम के आंचल तले मुक्ति मिलती है : फादर स्टेनलिन

▶ फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति नवीना का चौथा दिन



**नवभारत, जबलपुर।** सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में अनवरत जारी वार्षिक भक्ति के अंतर्गत गुरूवार को नौदिवसीय प्रार्थना का चौथा दिन था। इस पावन खीस्तयाग के मुख्य याजक सेंट मार्टिन डी ' पोरस चर्च के पल्ली पुरोहित फादर स्टेनलिन ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन खीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि माता मरियम विश्व की महारानी है क्योंकि उन्होंने ईश्वर की आज्ञा को पूर्ण करने के लिए अपनी स्वीकृति दी। माता मरियम प्रभु यीशु के साथ उनके जीवन के हर क्षण में साथ रहीं बल्कि वे प्रभु यीशु के शिष्यों के साथ भी उनका मार्गदर्शन करने के लिए परमेश्वर की योजना की पूर्णता के कार्य को अथक परिश्रम के साथ करती रहीं। जो भी माता मरियम के आंचल के तले आते हैं वे सभी मुक्ति पा सकते हैं। माता मरियम का नाम एक भावना है, एक अहसास है, खुशबू का वास है, जन्नत है । माता मरियम के सद्गुणों को अपना कर हम भी अपने जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास कर सकते हैं।

### तीर्थस्थल में की गई आकर्षक सजावट

इस मौके पर माता मरियम के तीर्थस्थल की बेहद ही आकर्षक साज सजावट की गई है। माता मरियम के भक्त पवित्र तीर्थस्थल में विशाल संख्या में उपस्थित हो रहे हैं और मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन नजर आ रहे हैं। चैपलिन फादर बिपिन खालको ने बताया कि आगामी 13 मई को फातिमा माता मरियम के दर्शन के पर्व दिवस की व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है।

# प्रक्षेत्रों से ही अन्नदाता को बेहतर करने की उम्मीद जागती है : कुलपति

▶ जनेकृविवि में बीज उत्पादन की एक दिवसीय कार्यशाला



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित 24 प्रक्षेत्रों के प्रभारी एवं अधिकारियों की वार्षिक समीक्षा कार्यशाला का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संचालक अनुसंधान सेवाएं स्थित मंथन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव द्वारा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं सभी प्रक्षेत्रों पर बीजोत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न केन्द्रों से उपस्थित प्रक्षेत्र प्रभारियों के द्वारा वर्ष 2025-2026 में प्रजनक बीज के उत्पादन तथा आगामी वर्ष 2026-27 में बीज उत्पादन हेतु लिए जाने वाले कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया। कुलपति डॉ पीके मिश्रा ने इस मौके पर ये स्पष्ट किया कि प्रक्षेत्रों से ही हमारे अन्नदाता कृषकों को बेहतर करने की आशा व उम्मीद जागती है।

### कुलपति ने दिए अहम सुझाव

समीक्षा बैठक में कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सभी प्रक्षेत्रों का प्रदर्शन सराहनीय पाया गया।इस दौरान कुलपति डॉ. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को आगामी मौसम पर आधारित नई प्रजातियों के बीजोत्पादन तथा उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनेक बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये। समीक्षा बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संचालक प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. विजय यादव द्वारा किया गया। एक दिवसीय बैठक में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन एवं संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी. आर. शर्मा, अधिष्ठाता कृषि उद्यानकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, लेखानियंत्रक श्रीमति संजू तिवारी, अनुवांशिकीय एवं पौध प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव एवं क्वालिटी सीड प्रोडक्शन परियोजना से डॉ. संजय कुमार सिंह एवं डॉ. अजय जायसवाल उपस्थित रहे।

सम्मान | पार्षदों, सफाई मित्रों, संस्थानों और ब्रांड एंबेस्डर को सम्मानित किया गया

# स्वच्छता समारोह में सम्मान पाकर खिले चेहरे

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने के संकल्प के साथ नगर निगम जबलपुर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर को साफ-सुथरा बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पार्षदों, सफाई मित्रों, संस्थानों और ब्रांड एंबेस्डर को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सभी के चेहरे खिल उठे।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन की उपस्थिति में 10 से अधिक श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए।




### इनको मिला सम्मान

स्वच्छ वार्ड के अंतर्गत सुभाष चन्द्र बनर्जी वार्ड के पार्षद श्याम कनौजिया को प्रथम, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड के पार्षद लवलीन आनंद को द्वितीय, एवं नरसिंह वार्ड पार्षद डिम्पल टॉक को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ, उरूय स्तरीय राजनीतिक नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन वार्ड पार्षद कमलेश अग्रवाल को प्रथम, एम.आई.सी. सदस्य राम सोनकर को द्वितीय, एवं नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, सफाई मित्र में संभाग 15 के आरती हीरा, सुशीला दयाराम को प्रथम, मुख्यालय विशेष दल जोडन आत्मज उदेश और राजेश आत्मज हीरालाल को द्वितीय, एवं संभाग 5 के बुज्जी चैधरी, येवसुवा जेम्स को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्कूलों के अंतर्गत नचिकेता हायर सेकेंडरी स्कूल नेपियर टाउन को प्राथम, सत्यप्रकाश हायर सेकेंडरी स्कूल, पोलीपाथर फॉरेस्ट कैंपस को द्वितीय एवं स्मॉल वंडर हायर सेकेंडरी स्कूल, बल्देवबाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। होटलों में विजन महल, विलहरी को प्रथम, नर्मदा जैक्सन सिविल लाइन को द्वितीय एवं शॉन एलिजी, तिलवारा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्वच्छता चैंपियन में शैल्वी धुसिया को प्रथम, पूजा सिंह को द्वितीय, एवं हसनैन बेग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ब्रांड एम्बेस्डर में माउंटेन मैन अंकित सेन को प्रथम, बाल अभिनय में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्रेया खंडेलवाल को द्वितीय एवं बाल कलाकार अराध्या तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्व सहायक समूह में रोटी दर्पण बैंक, प्रिंसी जैन को प्रथम, उज्जवला अन्नपूर्णा संस्थान अलका सेन को द्वितीय एवं श्री धरा फाउंडेशन अभिषेक श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एन.जी.ओ. में कर्मठ संस्था, बलविंदर प्रधान को प्रथम, कदम संस्था के पदाधिकारियों को द्वितीय, एवं कल्याणायु विकास समिति श्री चेतन जैन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वही बी.डब्लू.जी. के अंतर्गत होटल गुलजार को प्रथम, ज्ञानगंगा इंटरनेशनल स्कूल को द्वितीय एवं होटल समदड़िया इन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### एक कॉल पर होगा कचरे का समाधान



सम्मान समारोह के बाद महापौर ने स्वच्छता प्रहरी सेवा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए स्वच्छता प्रहरी मोबाइल एक्शन टीम का गठन किया गया है। अब शहर का कोई भी नागरिक हेल्पलाइन नंबर 7024250070 पर कॉल करके स्वच्छता संबंधी समस्या दर्ज करा सकता है। टीम तत्काल मौके पर पहुँचकर सफाई सुनिश्चित करेगी। समारोह के दौरान महापौर और निगमायुक्त ने वहां उपस्थित सभी जनसमूहों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।